# PATLIPUTRA UNIVERSITY
# PATNA-800020

E-mail:- patliputrauniversity2018@gmail.com

Date:- 30/10/25

Ref.no:- DSW/1821/PPU/2025

सेवा में,

प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य
सभी कोटि के महाविद्यालय
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

विषय:– NEP-2020 के अंतर्गत होने वाले Intership के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के अंतर्गत विद्यार्थियों की इंटर्नशिप प्रक्रिया को प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के उद्देश्य से निम्न बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया जाता है:–

1. इंटर्नशिप से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करें:– सभी महाविद्यालय Google Form (ईमेल में अंकित) लिंक के माध्यम से अपने महाविद्यालय के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।
2. MOU की सॉफ्ट कॉपी प्रेषित करें:– महाविद्यालय एवं विभाग स्तर पर अब तक किए गए MOU (समझौता) की सॉफ्टकॉपी (संस्था की सम्पूर्ण जानकारी सहित) विश्वविद्यालय को शीघ्र ईमेल uginternship@ppup.ac.in के माध्यम से भेजी जाए। इससे संबंधित संस्थाओं की प्रमाणिकता की पुष्टि करने में सुविधा होगी। साथ ही महाविद्यालय ये सुनिश्चित करें कि MOU केवल प्रमाणित संस्थाओं के साथ ही किया जाय जिससे विद्यार्थियों को सीखने का अवसर भी प्राप्त हो और उनके प्रमाण पत्र को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा सके।
3. विश्वविद्यालय द्वारा इंटर्नशिप पोर्टल जारी किया जा रहा है:– विद्यार्थियों की सफल और सुगम इंटर्नशिप हेतु पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय शीघ्र ही अपने अधिकारिक वेबसाइट पर इंटर्नशिप पोर्टल जारी करने जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी इंटर्नशिप हेतु पंजीकृत होकर अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकेंगे।
4. विश्वविद्यालय द्वारा किए गए MOU को प्राथमिकता दें:– महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं NEP संयोजक यह सुनिश्चित करें कि विश्वविद्यालय द्वारा जिन संस्थाओं के साथ MOU किए गए हैं, उन्हें इंटर्नशिप हेतु प्राथमिकता प्रदान की जाए, इससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण संस्थाओं में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा।
5. जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें:– प्राचार्य/ NEP संयोजक को निर्देश दिया जाता है कि सत्र 2023–27 के विद्यार्थी Semester-VI की परीक्षा तक अपना इंटर्नशिप पूरा कर सकते हैं। अतः सभी महाविद्यालय से अपेक्षा की जाती है कि वे विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देने पर प्राथमिकता दें।
6. प्राचार्य/ NEP संयोजक को निर्देश दिया जाता है कि स्नातक सत्र 2023–27 के वे विद्यार्थी जो वर्तमान में Semester-V की परीक्षा का फार्म भर रहे/चुकें हैं उनकी परीक्षा की तैयारी एवं परीक्षा में उपस्थिति की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए इंटर्नशिप कार्यक्रम का क्रियान्वयन Semester-V की परीक्षा पूर्ण होने के पश्चात किया जाय। इसका उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी बिना किसी शैक्षणिक व्यवधान के अपनी परीक्षा की तैयारी पर पूर्णरूप से केन्द्रित रह सके तथा परीक्षोरान्त इंटर्नशीप गतिविधियों में तन्मयता एवं व्यवहारिक अनुभव के साथ जुड़ सके।

विश्वासभाजन

30/10/25

(प्रो० राजीव रंजन)
डी० एस० डब्लू०
पाटलिपुत्रविश्वविद्यालय, पटना

Scanned with OKEN Scanner